कार्यालय
क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म० प्र०)
Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

प्रेस नोट

बांधवगढ़ से लाई गई बाघिन 3 शावकों को जन्म दिया है। दिनांक 7 एवं 8.5.2010 को किये गये अनुश्रवण के आधार पर पार्क प्रबन्धन के द्वारा पुष्टि की जा रही है।

यह कदम खास कर पन्ना टाईगर रिजर्व के बाघ पुर्नस्थापना योजना के लिए एवं पूरे विश्व में बाघ पुर्नस्थापना योजना के लिए एक मील के पत्थर के रूप में इतिहास में जाना जायेगा। पन्ना टाईगर रिजर्व में बाघ पुर्नस्थापना योजना के तहत 6 बाघ लाये जाने थे जिसके तहत प्रथम चरण में एक नर एवं 2 बाघिन क्रमशः पेंच, बांधवगढ़ एवं कान्हा से पन्ना लाये गये हैं। पेंच से लाया गया नर बाघ पार्क के बाहर बाहरी सीमाओं में एक महीने नवम्बर–दिसम्बर 2009 में विचरण करता रहा। इसको वापस लाने में अथक प्रयास लगा, परन्तु इन प्रयासों की सफलता आज के दिन बाघों की पुर्नस्थापना योजना में देखने को मिली। बाघ शावकों के आने से एक तरफ पूरे पार्क में खुशी की लहर है साथ–साथ इनकी सुरक्षा एवं प्रबन्धन की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है जिसे निभाने में पार्क प्रबन्धन पूरी तरह से तत्पर है।

क्षेत्र संचालक,
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना